"रीजनल मैनेजर, दी बैंक आफ राजस्थान लि. जयपुर द्वारा दिनांक 20-5-89 से श्री राम बाबू गुप्ता की सेवाएं समाप्त किया जाना उचित एवं वैध है। श्रमिक किसी राहत व राशि प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।"

16 अवार्ड की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम के भेजी जाए।

शंकर लाल जैन, पीठासीन अधिकारी
केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर।

नई दिल्ली, 2 फरवरी, 1994

का.आ. 529 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ राजस्थान लि. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 31-1-94 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-12011/35/87-आईआर(बी)/आई आर बी-1]
एस.एस.के. राव, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd February, 1994

S.O. 529.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Bank of Rajasthan Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on the 31-1-94.

[L-12011/35/87-IR(B)/IR. B.I]
S. S. K. RAO, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 1/1990

रैफरेंस :— केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल. 12011/35/87 आई. आर. आर. दिनांक 22-12-8

श्री आर. के. दीक्षित पुत्र श्री चौथमल शर्मा, 22, विजय मार्ग, वार्ड नं. 6, तीन दुकान वेर के बालाजी, जयपुर—प्रार्थी

बनाम

सहायक महा प्रबन्धक, दी बैंक ऑफ राजस्थान लि., सी-27 सरोजिनी मार्ग, सी. स्कीम जयपुर—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री शंकर लाल जैन, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से	कोई हाजिर नहीं
अप्रार्थी की ओर से	श्री आलोक फतहपुरिया
दिनांक अवार्ड	30-11-1993

अवार्ड

श्री आलोक फतहपुरिया विपक्षी बैंक की ओर से हाजिर हैं, प्रार्थी की ओर से कोई हाजिर नहीं है। श्री फतहपुरिया शहादत पेश नहीं करना चाहते हैं क्योंकि प्रार्थी की ओर से भी कोई शहादत नहीं है आई है। आज भी प्रार्थी अथवा उसके प्रतिनिधि हाजिर नहीं है। प्रार्थी को अनेकों बार शहादत का अवसर दिया जा चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रार्थी इस प्रकरण में रुचि नहीं ले रहा है अतः इस प्रकरण मे नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जाता है जो केन्द्रीय सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

शंकर लाल जैन,
पीठासीन अधिकारी,

नई दिल्ली, 2 फरवरी, 1994

का. आ. 530.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार बैंक ऑफ राजस्थान लि. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 31-1-94 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-12012/5/90/आई आर बी III आई आर बी-I]
एस. एस. के. राव, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd February, 1994

S.O. 530.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Bank of Rajasthan Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 31-1-94.

[L-12012/5/90-IR. B.III/IR.B.I]
S. S. K. RAO, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई टी. 31/1990

रैफरैन्स : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल. 12012/5/90 आई आर बी दिनांक 10-4-1990

श्री चन्द्र प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र श्री जे आर. खण्डेलवाल प्लाट नं. बी० 218, नेहरू नगर, जयपुर।

—प्रार्थी

बनाम

1. चेयरमैन, बैंक आफ राजस्थान लि., सेन्ट्रल आफिस सरदार पटेल मार्ग, जयपुर।
2. प्रबन्धक दी बैंक आफ राजस्थान लि. विश्वकर्मा इन्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर—अप्रार्थीगण

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री शंकर लाल जैन, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से	श्री एस. एन. गुप्ता
अप्रार्थीगण की ओर से	श्री आलोक फतहपुरिया
दिनांक अवार्ड	दिनांक 26-11-93

अवार्ड

केन्द्रीय सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने उपरोक्त आदेश के जरिये निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, जिसे तत्पश्चात अधिनियम, 1947 संबोधित किया है, की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत प्रेषित किया है।

'Whether the action of the Manager, The Bank of Rajasthan Ltd., Jaipur is justified in terminating the services of Shri Chandra Prakash Khandelwal w.e.f. 19-2-1989 ? If not, to what relief the workman is entitled ?'

2. प्रार्थी श्रमिक श्री सी.पी. खण्डेलवाल ने अपना वाद दिनांक 8-8-1990 को प्रस्तुत कर यह अभिकथित किया गया है कि प्रार्थी बैंक आफ राजस्थान की विश्वकर्मा इन्डस्ट्रियल एरिया जयपुर शाखा में दिनांक 9-1-89 को अंशकालीन लिपिक के स्थाई व रिक्त पद पर अनिश्चित काल के लिए नियुक्त किया गया था। शुरु में उसे दो माह के लिए नियुक्ति पर दिनांक 9-1-89 से 8-3-89 तक की अवधि के लिए दिया गया था दिनांक 18-2-89 को बैंक के प्रबन्धक ने उसे अपने केबिन में बुलाकर उस दिन की छुट्टी का आवेदन पत्र ले लिया और उसे काम करने नहीं दिया तथा उसका नाम सेवा रोल से हटा दिया और उसे सेवा मुक्त कर दिया तथा उपस्थिति रजिस्टर से उसका नाम काटकर उसके स्थान पर अन्य व्यक्ति श्री राकेश मीणा को नियुक्त कर दिया।

3. वाद पत्र में भी उल्लिखित किया गया है कि उसे हटाते समय न तो कोई नोटिस दिया, ना ही नोटिस के एवज में एक मास का वेतन एवं ना ही कोई छटनी मुआवजा ही दिया गया। वाद में यह उल्लिखित किया गया है कि जब उसे सेवा मुक्त किया गया तब उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्य कर रहे थे। किन्तु उन्हें नहीं हटाया गया और ना ही कोई वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गई यह भी अभिकथन किया है कि प्रबन्धन ने उसको हटाने के बाद कई नये। व्यक्तियों को नियुक्त किया किन्तु उसे नहीं बुलाया गया। वाद में यह भी उल्लिखित किया गया कि वह श्री एस. एन. गुप्ता का भतीजा है जिससे बैंक इसलिए नाराज था कि उन्होंने उक्त बैंक को कई अदालतों में हराया था जो उसी बैंक के कर्मचारी पिछले 30 वर्ष से है जो उनका मुकदमा भी लड़ रहे हैं, इस कारण रीजनल मैनेजर श्री पी. सी. कालानी के निर्देश पर उसे अवैध रूप से सेवा मुक्त किया गया है। बैंक का उक्त कृत्य अनफेयर लेबर प्रेक्टिस तथा विक्टिमाईजेशन की तारीफ में आता है। वाद पत्र में यह भी उल्लिखित किया गया है कि यह रिट्रैन्चमेंट का मामला है और औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 (जी) व (एच) तथा औद्योगिक विवाद केन्द्रीय नियमावली, जिसे तत्पश्चात नियमावली संबोधित किया है, एवं शास्त्री अवार्ड के निर्देशों को अवहेलना की गई है।

4. अप्रार्थी की ओर से वादोत्तर दिनांक 13-3-90 को प्रस्तुत करते हुए यह अभिकथन किया गया है कि प्रार्थी को पार्ट टाईम पास बुक राईटर के रूप में रखा गया था। चूंकि उसने यह प्रकट किया था वह एक नियमित विद्यार्थी है जो कि इस नियुक्ति की पूर्व आवश्यक शर्त थी किन्तु जब उससे विद्यार्थी होने का शैक्षणिक प्रमाण पत्र मांगा गया तो वह प्रस्तुत करने में विफल रहा इस कारण वह पुन काम पर नहीं आया अतः उसकी सेवाएं स्वतः ही समाप्त हो गई।

5. अप्रार्थी बैंक ने प्रार्थी के दावे को पूर्णतः असत्य व मिथ्या बताते हुए उसे पूर्णतया अस्वीकार किया है।

6. वादी की ओर से वाद के समर्थन में साक्षी श्री एस.एन.गुप्ता एवं प्रार्थी श्रमिक श्री चन्द्र प्रकाश को परीक्षित किया जाता है तथा प्रलेखिक साक्ष्य में प्रदर्श डब्ल्यू-1 लगायत 10 प्रस्तुत किये गये है प्रदर्श डब्ल्यू-1 नियुक्ति पत्र दिनांक 9-1-89, प्रदर्श डब्ल्यू-2 नियुक्ति पत्र दिनांक 20-2-89 डब्ल्यू-3 श्री खण्डेलवाल वैश्य महाविद्यालय, संसार चन्द्र रोड की रसीद दिनांक 1-10-88 जिसके द्वारा विद्यार्थी परीक्षा शुल्क 63 रुपये वसूल करना

दिखाया गया है । प्रदर्श डब्ल्यू-4 राजस्थान विश्वविद्यालय की अंक तालिका की फोटो प्रति जिसमें चन्द्र प्रकाश द्वारा द्वितीय वर्ष कामर्स परीक्षा 1989 में अनुकम्पा से उत्तीर्ण होना अंकित किया गया है, प्रदर्श डब्ल्यू-5 एक अन्य व्यक्ति श्री पी.के. शर्मा का पार्ट टाईम नियुक्ति पत्र दिनांक 27-2-86, प्रदर्श डब्ल्यू-6, पी.के. शर्मा का एकरारनामा पत्र दिनांक 5-3-86, प्रदर्श डब्ल्यू-7 सहायक श्रम आयुक्त जयपुर के समक्ष वार्ता प्रतिदिन दिनांक 24/25-1-90, प्रदर्श डब्ल्यू-8 बैंक का सरकूलर दिनांक 23-8-89 प्रदर्श डब्ल्यू-9 बैंक की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1989-90 की पेज नं. 13 जिसमें विभिन्न श्रमिकों की स्थिति वर्ष 1989 व 1990 को दर्शाई गई है तथा प्रदर्श डब्ल्यू-10, स्थाई कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची प्रस्तुत की गई है।

6. अप्रार्थी की ओर से उनकी साक्ष्य में बैंक आफ राजस्थान लि. विश्वकर्मा शाखा के प्रबन्धक श्री एस.के. जैन को परीक्षित किया गया है तथा प्रलेखीय सबूत में प्रदर्श एम-1 प्रार्थी श्रमिक का नियुक्ति पत्र, एम-2 प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रस्तुत किया गया आवेदन पत्र तथा एम-3 उसकी अंक तालिका को प्रदर्शित कराया गया है। उपस्थिति रजिस्टर को भी प्रदर्श एम-1 मार्क किया गया है।

7. तत्पश्चात अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य सामग्री एवं प्रलेखों पर सतर्कता पूर्वक विचार किया गया तथा पक्षकारान ने गुणीय प्रतिनिधिगण की बहस धैर्यपूर्वक सविस्तार सुनी गई।

8. प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी दलीलों के समर्थन में निम्न न्याय दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं :—

1. ए.आई.आर. 1976 (एस.सी.) पेज 1111 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बनाम एम. सुन्दरमणि ।
2. 1990 I एल.एल.जे. 408 (माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय) राम चन्द्र यादव बनाम आर.एस.आर.टी.सी. ।
3. 1988 लैब, आई.सी. 503 (माननीय गोहाटी उच्च न्यायालय) प्राकोन सैकिया बनाम आसाम स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड, आसाम ।
4. ए.आई.आर. 1987 (एस.सी.) 1163, श्रीमति मेरी मोमन, मैनेजर एम.जी.एस. हाई स्कूल, कुरुंप्पमपेडी, केरला ।
5. डब्ल्यू.आर.आर. 1991 (एस) राज 373, जनरल मनेजर, नोर्दन रेलवे, नई दिल्ली बनाम जज, सेन्ट्रल इन्डस्ट्रियल ट्रिब्यूनल व अन्य एवं रेलवे केज्यूअल लेबर यूनियन बनाम जनरल मैनेजर नादर्न रेलवे ।
6. 1992 (1) डब्ल्यू एल.सी. 464 (माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय) ओरियेन्टल बैंक ऑफ कामर्स बनाम दी प्रेसाइडिंग आफिसर, सेन्ट्रल गर्वनमेंट इन्डस्ट्रियल ट्रिब्यूनल ।
7. डब्ल्यू.एल.आर. 1991 (एस) राजस्थान, 7, जोधपुर विश्वविद्यालय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी यूनियन बनाम यूनिवर्सिटी ऑफ जोधपुर ।
8. 1984 लेब.आई.सी., 445 (माननीय बाम्बे उच्च न्यायालय) नवभारत हिन्दी डेली नागपुर बनाम नवभारत श्रमिक संघ ।
9. 1990 (1) डब्ल्यू एल.एन. 372 जनरल मनेजर नार्दन रेलवे बन केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर ।
10. 1984 लेब.आई.सी. 645, श्री गफ्फार एंड अदर्स बनाम यूनियन ऑफ इंडिया ।
11. 1989 लेब.आई.सी. 1596 (माननीय पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय, स्टट बैंक ऑफ पंजाब बनाम काश्मीर सिंह व अन्य ।
12. 1981 लेब.आई.सी. 217 (माननीय केरला उच्च न्यायालय) अब्दुल रहमान बनाम संभागीय अधीक्षक सदर्न रेलवे, ओलावाकोडे व अन्य ।
13. 1987 लब.आई.सी. 1361 (माननीय गुजरात उच्च न्यायालय) गुजरात स्टेट मशीन टूल्स कार्पोरेशन बनाम दीपक जे.देसाई
14. 1990 I एल.एल.जे. 445 (माननीय बाम्बे उच्च न्यायालय, नागपुर बैंच) दिलीप हनुमन्तराव शर्के व अन्य बनाम जिला परिषद चान्द्रपुर व अन्य ।
15. ए.आई.आर. 1980 पेज 1219 (एस.सी.) एवं II एल.एल.जे 72 संतोष गुप्ता बनाम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ।
16. ए.आई.आर. 1987 (एस.सी.) 1960, कृष्णा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. विजयवाड़ा बनाम एन.वी. पूरनचन्द्रा राव व अन्य ।
17. ए.आई.आर. 1982, 854, एल. राबर्ट डिसूजा बनाम एगजीक्यूटिव इंजीनियर सदर्न रेलवे ।
18. 1961 II एल.एल.जे. 110 (एस.सी.) कानपौर टेनरी लि. गुहा (एम.) व अन्य ।
19. 1986 लैब. आई.सी. 1191 (एस.सी.) एस. गोविन्दराजू बनाम के.एस.आर.टी.सी. व अन्य ।
20. ए.आई.आर. 1987 (एस.सी.) एस.सी. 1893, मक्खनसिंह बनाम नरायनपुरा कोआपरेटिव एग्रीकल्चर सर्विस सोसायटी लि.
21. ए.आई.आर. 1986 (एस.सी.) 1108, जगदीश प्रसाद बनाम सचिव, जिला गन्ना कमेटी मुजफ्फरनगर व अन्य ।
22. ए.आई.आर. 1985 (एस.सी.) 722 डब्ल्यू.बी.एस.सी. बोर्ड बनाम देश बन्धु घोष ।
23. 199 (2) एस.एल.आर. 297 (माननीय पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय रणवीर सिंह बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा व अन्य ।
24. डब्ल्यू.एल.आर. 1991 (एस) एस.सी. 1 श्रीमती संतोष कुमारी बनाम स्टेट ऑफ पंजाब ।
25. 1987 एस.सी.सी. (लैब) 75 कमलेश सिंह बनाम पीठासीन अधिकारी व अन्य ।
26. सिविल अपील नं. 420/1984 निर्णय दिनांक 5-1-93 बैंक ऑफ राजस्थान बनाम राजस्थान बैंक एम्पलाईज यूनियन व अन्य
27. 1981 (42) एफ.एल.आर. 222 (माननीय केरला उच्च न्यायालय) प्रभाकरण व अन्य बनाम जनरल मैनेजर, के.एस.आर.टी.सी. व अन्य ।

9. अप्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी दलीलों के समर्थन में निम्न न्याय दृष्टान्त प्रस्तुत किये ।

1. 1991 (81) एफ.जे.आर. पेज 107 (माननीय पटना उच्च न्यायालय) कृष्ण मुरारी प्रसाद बनाम इलाहाबाद बैंक व अन्य ।
2. 1981 (81) एफ.जे.आर. पेज 565 (एस.सी.) इन्स्टीट्यूट ऑफ मनेजमेंट डेवलपमेंट यू.पी. बनाम पुष्पा श्रीवास्तव ।
3. 1991 (62) एफ.जे.आर. 755 (माननीय केरला उच्च न्यायालय) इंडियन एयरलाइंस बनाम सेबास्टियन ।
4. 1988 (73) एफ.जे.आर. (93) माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय) कावरिकूपा बैंक एम्पलाईज यूनियन बनाम केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण बेंगलोर व अन्य ।
5. 1988 (I) एल.एल.जे. 447 (माननीय गुजरात उच्च न्यायालय, पटेल एवलिन रन्छूडभाई बनाम गुजरात आयुर्वेद यूनीवर्सिटी जामनगर ।
6. 1990 (2) एल.एल.जे. 70, पंजाब ले.ड. डेवेलपमेंट एंड रीक्लेमेशन कार्पोरेशन लि. चंडीगढ़ व अन्य बनाम पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, चंडीगढ़ (एस.सी.) ।
7. 1992 (II) एल.एल.जे. 177 (माननीय पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय) जसविन्दर सिंह पसी बनाम रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटीज ।
8. 1991 (78) एफ. जे. आर. 441, (एस.सी.) स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश व अन्य बनाम कौशल किशोर शुक्ला ।

9. 1992 (1) सी. एल. आर. 350, (माननीय केरला उच्च न्यायालय) राजम बनाम केरला स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ।

10. 1989 लैब. आई. सी. 1051 (माननीय अलाहाबाद उच्च न्यायालय) संतोष चन्द्र पाण्डे बनाम बनारस हिन्दु यूनिवर्सिटी वाराणसी व अन्य ।

11. 1991 लैब. आई. सी. 1638 (2) (एस. सी.) म्यूनीसीपल कार्पोरेशन ऑफ ग्रेटर बॉम्बे बनाम डा. सुशील वी. पाटकर व अन्य।

10. अब में अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य सामग्री एवं प्रलेखों तथा विधि की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इस निर्देश का निस्तारण करूंगा । तथ्यात्मक स्थिति :

11. वादी ने वाद पत्र में यह अभिकथित किया है कि उसे अंशकालीन लिपिक के पद पर नियुक्त किया जाकर नियुक्ति पत्र अनैक्सचर-1 विपक्षी बैंक द्वारा जारी किया गया था जबकि वादी श्री चन्द्र प्रकाश ने अपने शपथ पत्र में यह कथन किया है कि उसे क्लर्क के पद पर अप्रार्थी बैंक की विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र शाखा में अनिश्चित काल के लिए स्थाई रिक्त पद पर 9-1-89 को रखा गया था और उसे दो माह का नियुक्ति पत्र दिनांक 9-1-89 से 8-3-84 तक का दिया गया था जो प्रदर्श-9 है।

12. यह उल्लेखनीय है कि प्रतिवादी ने यह स्पष्ट अभिकथन किया है कि वादी को अंशकालीन पास बुक राईटर के पद पर द्विपक्षीय समझौते के पैरा 20.4 के अनुसार विद्यार्थी होने की पूर्व शर्त के साथ 9-1-89 से 8-3-89 तक की अवधि के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया था किन्तु जब उससे विद्यार्थी होने का प्रमाण पत्र मांगा तो वह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा और उसने 18-2-89 तक ही कार्य किया । यह उल्लेखनीय है कि प्रतिवादी ने वादी के इस कथन का पूर्णतया खण्डन किया है कि उसको अनिश्चित काल के लिए क्लर्क के स्थाई रिक्त पद पर रखा गया हो।

13. वादी श्री चन्द्र प्रकाश ने अपने प्रति परीक्षण में नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-1 पर "ए' टू "बी" अपने हस्ताक्षर होना स्वीकार किया है यह भी स्वीकार किया है कि उसमें दर्ज बातें सही मानकर हस्ताक्षर किये थे । इस प्रकार नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-1 जो वादी की ओर से प्रस्तुत किया गया है जिसपर प्रतिवादी ने भी भरोसा किया है, यह दोनों पक्षों की ओर से एक स्वीकृत दस्तावेज है । इसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि वादी को दो माह की अवधि के लिए 9-1-89 से 8-3-89 तक की अवधि तक पार्ट टाईम पास बुक राईटर के अस्थाई पद पर नियुक्ति दी गई थी। इस प्रकार वादी का यह कथन सत्यता की कसौटी पर खरा नहीं उतरा है कि उसे अनिश्चित काल के लिए क्लर्क के स्थाई रिक्त पद पर रखा गया हो।

14. यह उल्लेखनीय है कि वादी ने नियुक्ति के संबंध में निर्धारित प्रारूप में जो प्रार्थना पत्र प्रदर्श एम-2 प्रस्तुत किया था उसमें स्वयं को द्वितीय वर्ष बी. कॉम. सी. कामर्स का विद्यार्थी होना अंकित किया है। यहां यह उल्लिखित करना अनावश्यक नहीं होगा, नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-1 में यह आवश्यक शर्त क्रमांक 6 पर अंकित थी कि नियुक्ति यह मानते हुए दी जा रही है कि उसके द्वारा प्रार्थना पत्र में की गई घोषणा (डिक्लेरेशन) सत्य व सही है जो कि सेवा की आवश्यक शर्त थी। वादी ने अपने प्रति परीक्षण में स्वीकृत दस्तावेज प्रदर्श डब्ल्यू-1 में वर्णित तथ्यों के विरुद्ध यह कथन किया है कि उसकी नियुक्ति पत्र छः माह के लिए था जबकि नियुक्ति पत्र में दो माह की अवधि 9-1-89 से 8-3-89 अंकित है जिसे भी उसने जान बूझकर गलत बताया है। इस प्रकार वादी को सत्य के प्रति कोई आदर ही नहीं है।

15. उपस्थिति रजिस्टर प्रदर्श-1 पर वादी ने "ए" टू "बी" हस्ताक्षर अपने होना स्वीकार किया है उसमें उसके काम का समय दो घंटे प्रतिदिन 2.45 से 4.45 बजे है जिसे जो जानबूझकर उसने गलत लिखा हुआ होना कहा है और यह कथन किया है कि उसके काम का समय दोपहर 1.00 बजे से 5.00 बजे तक था। वादी ने निर्धारित प्रारूप में जो प्रार्थना पत्र प्रदर्श एम-2 प्रस्तुत किया उसपर भी "ए" टू "बी" हस्ताक्षर उसने अपने होना स्वीकार किया है और यह भी कथन किया है कि उसके साथ मार्क शीट प्रदर्श एम-3 दी थी। उसने यह भी स्वीकार किया है कि श्री एस. एन. गुप्ता, जो कि इस मुकदमें में उसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उसके ताऊजी हैं।

16. वादी ने यह कथन किया है कि उसने लिखित परीक्षा पास नहीं की और न ही चयन कमेटी द्वारा उसका साक्षात्कार हुआ । जबकि नियमित रिक्त पदों हेतु नियमानुसार लिखित परीक्षा पास करना, साक्षात्कार में उत्तीर्ण होना तथा चयन कमेटी द्वारा व्यक्ति का चयन किया जाना आवश्यक होता है । यद्यपि वादी ने प्रति रक्षा के इस सुझाव को अस्वीकार किया है कि इससे विद्यार्थी होने का प्रमाण-पत्र मांगा गया हो तब वह खुद ही नौकरी छोड़कर चला गया हो ।

17. वादी की ओर से एक अन्य व्यक्ति प्रमोद कुमार वर्मा का नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-5 प्रस्तुत किया गया है जो पार्ट टाईम पास बुक राईटर की नियुक्ति के संबंध में है, इसमें यह उल्लिखित है कि इससे सप्ताह में 12 घंटे काम लिया जायेगा । उपस्थिति रजिस्टर प्रदर्श एम-1 के अनुसार वादी ने भी प्रतिदिन दो घंटे ही कार्य किया है, इस प्रकार उससे भी सप्ताह में 12 घंटे का ही काम लिया गया है। इस प्रकार उसने पार्ट टाईम पास बुक राईटर के अस्थाई पद पर ही कार्य किया है। प्रदर्श डब्ल्यू-2 से यह प्रकट होता है कि उससे नियमित विद्यार्थी होने का प्रमाण पत्र मांगा गया था। प्रदर्श डब्ल्यू-2 में वादी ने यह प्रकट किया है कि विद्यार्थी का तात्पर्य नियमित/प्राईवेट तथा एक्स-स्टूडेंट से भी होता है क्योंकि तीनों ही स्टूडेंट की कैटेगरी में आते हैं। वादी ने प्रदर्श डब्ल्यू-2 में यह प्रकट किया है कि वह एक्स स्टूडेंट है उसने नियमित विद्यार्थी होने का उल्लेख नहीं किया है जबकि उसने अपने आवेदन पत्र में स्वयं को द्वितीय वर्ष बी. कॉम. सी. वाणिज्य का विद्यार्थी होना अंकित किया था इसी आधार पर ही उसे नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-1 दिया गया था। यह उल्लेखनीय है कि नियमानुसार इस पद के लिए विद्यार्थी तथा सेवा निवृत्त व्यक्तियों को ही ऐसी नियुक्ति दी जा सकती है इसका उल्लेख द्विपक्षीय समझौते के पैरा 20.4 में अंकित है।

18. विपक्षी के साक्षी श्री एस. के. जैन ने यह प्रमाणित किया है कि वह जनवरी व फरवरी 1989 में बैंक ऑफ राजस्थान की विश्वकर्मा शाखा में मैनेजर के पद पर नियुक्त था और वर्तमान में भी उसी शाखा में कार्यरत है। उसने यह प्रमाणित किया है कि वादी चन्द्र प्रकाश को पार्ट टाईम पास बुक राईटर के लिए नियुक्ति किया गया था और उसे नियुक्ति पत्र प्रदर्श डब्ल्यू-1 दिया गया था जिस पर "ए" टू "बी" हस्ताक्षी प्रार्थी श्री चन्द्र प्रकाश के तथा "सी" टू "डी" हस्ताक्षर अपने होना प्रमाणित किया है। इस साक्षी ने यह भी प्रमाणित किया है कि वादी के कार्य की अवधि 2.45 से 4.45 तक तथा शनिवार को दोपहर 12.15 से 1.45 तक थी। इस साक्षी ने यह भी प्रमाणित किया है कि बैंक कर्मचारियों के राष्ट्रीय संगठन व प्रबंधकों की राष्ट्रीय ऐसोसियेशन के मध्य प्रथम द्विपक्षीय समझौते के अध्याय 20 के प्रावधान 4 में पार्ट टाईम पास बुक राईटर केवल छात्र अथवा सेवा निवृत्त कर्मचारियों को ही नियुक्त किया जा सकता है। उसने कथन किया है कि नियमित छात्र होने का प्रमाण पत्र प्रार्थी ने देने के लिए आश्वासन दिया था किंतु 17-2-89 तक उसने नियमित छात्र का प्रमाणपत्र नहीं दिया जो पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर नियोजित होने की मूल योग्यता थी। इस प्रकार वह विद्यार्थी होने की न्यूनतम योग्यता पूरी नहीं कर सका। उसके मात्र 9-1-89 से 17-2-89 तक ही कार्य किया, उसके पश्चात् अनुपस्थित हो गया और उसकी सेवाएं स्वतः ही समाप्त हो गई। इस साक्षी का यह भी कथन है कि अंक तालिका प्रदर्श डब्ल्यू-4 मुकदमें में पेश की गई है उनमें भी एक्स-स्टूडेंट होने का ही उल्लेख है। यह साक्षी अपने प्रति परीक्षण में अडिग रहा है और सत्यता की कसौटी पर खरा उतरा है। उसका कथन प्रार्थी के कथन से अधिक विश्वसनीय व मजबूत है जो भरोसा किये जाने योग्य है।

19. उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वादी की इस घोषणा के आधार पर ही उसे प्रदर्श एम-1 नियुक्ति पत्र पार्ट टाईम पास बुक राईटर के अस्थाई पद पर दो माह की अवधि के लिए 9-1-89 से 8-3-89 तक की अवधि के लिए दिया गया था, वादी ने प्रदर्श एम-2 में यह डिक्लेरेशन दिया था कि वह द्वितीय वर्ष टी. डी. सी. वाणिज्य का विद्यार्थी है जबकि उससे इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा गया तो वह पेश करने में असफल रहा और उसने केवल 9-1-89 से 17-2-89 तक ही पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर प्रति दिन 2 घंटे काम किया। द्विपक्षीय समझौते की धारा 20.4 के अनुसार पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर किसी छात्र अथवा सेवा नियुक्त व्यक्ति को ही नियोजित किया जा सकता था। वादी नियमित छात्र नहीं था इस कारण भी वह इस पद की न्यूनतम योग्यता/पात्रता नहीं रखता था।

20. वादी यह प्रमाणित करने में पूर्णतः असफल रहा है कि उसे अनिश्चित काल के लिए क्लर्क के स्थाई रिक्त पद पर रखा गया हो। उसने यह स्वीकार किया है कि न तो उसने कोई लिखित परीक्षा दी न ही उसका साक्षात्कार हुआ। इस प्रकार नियमित भर्ती के लिए वह पात्रता नहीं रखता था। यह उल्लेखनीय है कि चन्द्र प्रकाश को प्रदर्श एम-2 में किये गये इस डिक्लेरेशन के आधार पर उसे नियुक्ति पत्र दिया गया था कि वह द्वितीय वर्ष टी.डी.सी. वाणिज्य का विद्यार्थी है और उसने नियमित विद्यार्थी होने का प्रमाणपत्र पेश करने का आश्वासन दिया किंतु उक्त प्रमाण पत्र मांगने पर वह पेश नहीं कर सका और दिनांक 18-2-89 के बाद वह स्वयं ही काम पर नहीं आया। उसका नियुक्ति पत्र उसी अवस्था में वैध माना जा सकता था जब वह नियमित विद्यार्थी होने का प्रमाण पत्र पेश कर देता।

21. अब मैं मामले के तथ्यों और विधि की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए यह अधिनिर्णित करूंगा कि क्या इस मामले में बैंक कर्मचारियों के राष्ट्रीय संगठन व प्रबन्धकों की राष्ट्रीय एसोसिएशन के मध्य प्रथम द्विपक्षीय समझौते, शास्त्री अवार्ड एवं औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना हुई है।

22. जैसा कि मैं ऊपर उल्लिखित कर चुका हूं कि द्विपक्षीय समझौते के अनुपात 1 के अनुसार पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर केवल छात्र अथवा सेवा निवृत्त कर्मचारियों को ही नियुक्त किया जा सकता है अन्य किसी व्यक्ति को इस पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता। यह एक लोक कल्याणकारी योजना विद्यार्थियों एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिये ही लागू की गई। कोई भी शिक्षित व्यक्ति अपने जीवन काल में विद्यार्थी अवश्य रहता है, इसका अभिप्राय यह नहीं निकाला जा सकता कि इस योजना के अन्तर्गत एक्स स्टूडेंट भी फायदा पाने के अधिकारी होने चाहें। प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि की यह दलील स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है कि विद्यार्थी की श्रेणी में एक्स-स्टूडेंट अथवा प्राइवेट स्टूडेंट भी आते हों। हस्तगत मामले में वादी के स्वयं को नियमित विद्यार्थी पाते हुए पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित फार्म में प्रार्थना पत्र दिया था किन्तु जब उससे नियमित विद्यार्थी होने के प्रमाण पत्र मांगा गया तो उसने पेश नहीं किया और स्वयं काम पर ही नहीं आया। ऐसा कोई प्रमाण पत्र प्रार्थी की ओर से न्याया-धिकरण के समक्ष भी पेश नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रार्थी पार्ट टाईम पास बुक राईटर के पद पर भी नियुक्त किये जाने की योग्यता पूरी नहीं करता था, अतः उसका विपक्षी बैंक में वैध रूप से नियोजित होना नहीं माना जा सकता। शास्त्री अवार्ड के पैरा 522 व 524 भी इस मामले में आकर्षित नहीं होते हैं, प्रार्थी को जब नियुक्ति ही नहीं दी गई तो उक्त प्रावधान लागू नहीं हो सकते क्यों कि उक्त प्रावधान केवल स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारियों के लिये ही लागू होते हैं जबकि वादी विपक्षी बैंक का विधिनुसार कर्मचारी ही नहीं था।

23. शास्त्री अवार्ड के पैरा 508 में कर्मचारियों का वर्गीकरण किया गया है किन्तु पार्ट टाईम कर्मचारियों के बारे में कोई निर्देश उन्हें हटाते समय कम्पनसेशन आदि देने के संबंध में नहीं दिये गये हैं। अतः वादी किसी तरह का सुझावजा पाने का भी अधिकार नहीं रखता है। निष्कर्ष यह है कि वादी ने शास्त्री अवार्ड के जिन प्रावधानों का उल्लेख किया है वे इस मामले में आकर्षित ही नहीं होते, और न ही बैंक के प्रबन्धतंत्र द्वारा उसकी अवहेलना किया जाना प्रमाणित हुआ है। औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2(00) में छंटनी को परिभाषित किया गया है कि "छंटनी से नियोजक द्वारा किसी कर्मकार की सेवा का ऐसा प्रवसान अभि-प्रेरित है"। अधिनियम 1947 की धारा 2(00) को वर्ष 1984 में संशोधित किया जाकर (थीथी) जोड़ा गया है जिसके अनुसार 'termination of the services of workman as a result of non renewal of contract of employment between employer and the workman concerned on its expiry or such contract' अपवाद मात्र होने से छंटनी की परिधि में नहीं आता है। मैं अपने इस निष्कर्ष के संबंध में न्याय दृष्टान्त 1990(II) एल. एल.जे पेज 70(सुप्रा) पर भरोसा करता हूं। वादी के विद्वान प्रतिनिधि ने जो भी न्याय दृष्टान्त प्रस्तुत किये हैं वे 1984 के संशोधन से पूर्व के हैं जो हस्तगत मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में लागू नहीं होते हैं। वादी को न तो विधिनुसार नियोजित ही किया गया और न ही उसकी छंटनी की गई है। वादी ने स्वयं को नियमित विद्यार्थी बताते हुए पार्ट टाईम पास बुक राईटर के अस्थाई पद पर नियोजित होना चाहा था किन्तु वह नियमित विद्यार्थी नहीं था न ही उसके इस आशय का प्रमाण पत्र ही पेश किया तथा वह स्वयं ही इसके बाद काम पर नहीं आया। उक्त पद की न्यूनतम पात्रता को प्रार्थी नहीं रखता था। मैं अपने इस निष्कर्ष के संबंध में म्यूनीसिपल कार्पोरेशन आफ ग्रेटर बाम्बे बनाम डा. सुशील बी. पाटकर (सुप्रा) पर भरोसा करता हूं। उक्त कारणों से प्रबन्धन द्वारा प्रार्थी श्री चन्द्र प्रकाश को इस पद हेतु वैध रूप से नियुक्त होना नहीं माना जा सकता अतः उसकी सेवाएं स्वतः ही समाप्त होना माना गया है जो मेरी राय में उचित एवं वैध है। प्रबन्धन द्वारा इस प्रकरण में प्रार्थी का छंटनी किया जाना प्रमाणित नहीं होता है, ऐसी स्थिति में अधिनियम 1947 की धारा 25 (जी) व (एच) व औद्योगिक विवाद नियमावली के नियम 77 व 78 आकर्षित नहीं होते क्योंकि उक्त प्रावधान केवल छंटनी किये गये कर्मकारों के संबंध में ही लागू होते हैं। वादी ने जो वरिष्टता सूची प्रस्तुत की है वह नियमित रूप से चयनित किये गये कर्मचारियों की है जब कि प्रार्थी का चयन समिति द्वारा चयन किया जाकर उसे नियुक्ति नहीं दी गई थी, न तो उसने कोई परीक्षा दी और न ही उसका कोई साक्षात्कार हुआ। वादी को डिस्चार्ज /डिसमिस/ टर्मीनेट या रिटरेन्च नहीं किया गया बल्कि नियोजित होने की शर्त पूरी न करने के कारण वह स्वयं ही काम पर नहीं आया।

24. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार किया जाता है :

"दी बैंक आफ राजस्थान लि. जयपुर के प्रबन्धक द्वारा श्री चन्द्र प्रकाश खण्डेलवाल की सेवायें दिनांक 19-2-89 से समाप्त किया जाना उचित एवं वैध है। श्रमिक किसी राहत व राशि प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।"

25 अवार्ड की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम के भेजी जाये।

शंकर लाल जैन,
न्यायाधीश

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 1994

का. आ. 531.—केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना अपेक्षित है, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ण) की उपधारा (6) के अनुसरण में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की तारीख 30 जुलाई, 1993 की अधिसूचना संख्या 1748 के तहत दिल्ली जुध योजना के अधीन जुध आपूर्ति उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ 29 जुलाई, 1993 से छह माह की कालावधि के लिए लोकोपयोगी सेवा घोषित किया था,

और केन्द्रीय सरकार की राय है कि लोकहित में उक्त अवधि को और छह माह के लिए बढ़ाना अपेक्षित है,

अतः अब औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (ण) की उपधारा (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ 29 जनवरी, 1994 से छह माह की कालावधि के लिए लोकोपयोगी सेवा घोषित करती है।

[संख्या एस-11017/14/81-डी-I(ए)]
एस. एस. पराशर, अवर सचिव

New Delhi, the 27th January, 1994

S.O. 531.—Whereas the Central Government having been satisfied that the public interest so required had in pursuance of the provision of sub-clause (vi) of clause (n) of Section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), declared by the notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. 1748 dated the 30th July, 1993 the industry for the supply of milk under the Delhi Milk Scheme to be a public utility service for the purposes of the said Act, for a period of six months from the 29th July, 1993;

And, whereas, the Central Government is of opinion that public interest requires the extension of the said period by a further period of six months;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-clause (vi) of clause (n) of Section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby declares the said industry to be a public utility service for the purpose of the said Act, for a further period of six months from the 29th January, 1994.

[No. S-11017/14/81-D.I(A)]
S. S. PRASHER, Under Secy.

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 1994

का. आ. 532.—केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा अपेक्षित है कि कोल उद्योग को जिसे औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की प्रथम अनुसूची के मद 4 में निर्दिष्ट किया गया है, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उपयोगी सेवा घोषित किया जाना चाहिए,

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 2 के खंड (न) के उपखंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त उद्योग को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए तत्काल प्रभाव से छः मास की कालावधि के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करती है।

[संख्या एस-11017(13)/81-डी-आई. आर. (पालिसी)]
एस. एस. पराशर, अवर सचिव

New Delhi, the 28th January, 1994

S.O. 532.—Whereas the Central Government is satisfied that the public interest requires that the Coal Industry which is covered by item 4 of the First Schedule to the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), should be declared to be a public utility service for the purposes of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-clause (vi) of clause (n) of Section 2 of the Industrial Disputes Act, 1947(14 of 1947), the Central Government hereby declares with immediate effect the said industry to be a public utility service for the purposes of the said Act for a period of six months.

[No. S-11017/13/81-I.R.(Policy)]
S. S. PRASHER, Under Secy.

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 1994

का. आ. 533.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण नं. 1 बम्बई के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 24-1-94 को प्राप्त हुआ था।

[सं एल-40011/12/90-आई. आर. (डी. यू.) (पीटी)]
के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th January, 1994

S.O. 533.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 1, Bombay as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Mahanagar Telephone Nigam Limited, and their workmen, which was received by the Central Government on 24-1-94.

[No. L-40011/12/90-IR(DU)(Pt.)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. I. BOMBAY

PRESENT :

Shri Justice R. G. Sindhakar,
Presiding Officer

Reference No. CGIT-12 of 1994

PARTIES :

Employers in relation to the management of Mahanagar Telephone Nigam Ltd., Bombay.

AND

Their Workmen

APPEARANCES :

For the Management.—Shri Kotiankar, Advocate.

For the Workmen.—No appearance.

INDUSTRY : Telephones STATE : Maharashtra.

Bombay, the 12th day of January, 1994

AWARD

Government of India, Ministry of Labour, New Delhi by letter dated 4-2-1991, made following reference to this Tribunal.

"Whether the management of Mahanagar Telephone Nigam Ltd., Bombay is justified in,—

(a) Suspension of S|Sh. Sunabarse H. F., Divisional Secretary, P. B. Kaneshkar, Treasurer, A. G. Puri, Vice-President, S. N. Chabria, member of Bhartiya Telecommunication Technicians Union, Bombay and

(b) Ordering transfer of 39 workmen contained in the ordrs No. ST|49-3|TR-X|4, 8 & 18 dated 8-9-88, 4-10-88 ?

If not, to what relief the concerned workmen are entitled to ?"

2. Statement of claim has been filed on behalf of the union. It appears from the statement of claim that the employees of M.T.N.L. had started some agitation to get their grievances redressed. 39 officials came to be transferred and four of them came to be suspended. Justification for the orders of transfer and suspension is the point in issue in this reference. It is not necessary to refer to the statement in detail, suffice it to say that the contention is that the transfer and suspension orders are smacking of malafide and therefore, not justified. The prayer, therefore is transferred officials should be brought back to their original place and particular criteria for transfer as be framed and directions issued. So far as the suspension is concerned it is also challenged on the very ground and rules with regard to finalisation of proceedings against suspended employees are quoted and it is pointed out that they have been violated. Cancellation of suspension orders is therefore prayed for.

3. On behalf of the management written statement has been filed mentioning the circumstances under which the management had to issue orders on administrative ground. It is alleged that the union has suppressed certain facts from this Tribunal and they were about proceedings pending in this Tribunal. It is further stated that the transfer orders as well as suspension orders were then justified. It is stated that the suspension orders have been revoked and the orders of transfer issued have been reviewed and 24 technicians have been shifted to new places. That was done persuant to direction of Central Administrative Tribunal. It is then prayed that the reference be answered aganst BTTU.

4. Statement of claim has been filed on behalf of the union, it appears that they are not taking any further part in proceedings. After I took over as the Presiding Officer of the Tribunal and the matter came up before me on 2-6-1993, I directed to issue notice to the union and since there was no appearance on behalf of the union on 11-8-1993, 24-9-1993, 19-11-1993 the matter was thereafter heard and Shri Kohankar Advocate represented M.T.N.L. It appears to me that the union is no more interested in getting dispute adjudicated. At any rate the grievance that the transfer and suspension orders have been issued malafide is not seen from the materials on record. It is not disputed on administrative grounds transfers could be effected. However, if the orders smack of malafide intention on amount to punishment then surely this Tribunal could examine it and hold that they were unjustified. However, for that material has to be brought on record and in the absence of that it is not possible to hold in favour of the union on that issue. As stated earlier. I find that no material has been placed on record to substantiate this plea.

5. Some Judgments have been placed on record and on the basis of those Judgments also it is not possible to hold that the action of the management was malafide or motivated. The Central Administrative Tribunal, Madras Bench held in the matter between P. Fulgthan & others Vs. Secret Ministry of Communications and others by order dated 23-1-1989 that no case was made out for interfering with the orders of transfer which were challenged & the application accordingly was dismissed. Similar contentions were raised on behalf of the applicant as have been raised here as against the mnagement of Telecommunications by the Technicians. Technical Supervisors. All of them were evamined in the light of arguments advanced and decision was rendered against the workman. I therefore, find that there is no merit in the contention that the order of transfer were malafide and therefore unjustified.

6. Similar is the position with regard to the orders of suspension. They were issued pending departmental enquiries and it is needless to say that suspension pending enquiry is permisible and justified. Once again it is to be pointed out that there is no material to hold that either the suspension pending enquiry or the enquiry itself was not justified.

7. It must be said at the end that the suspension orders were revoked. The transfer orders were reviewed as per direction of the Tribunal and 24 of them were altered after review. That appears to have satisfied the workmen and the union and therefore, their non-appearance in the present proceedings. In the end, I hold that the action of the management is not shown to be unjustified and award accordingly.

R. G. SINDHAKAR, Presiding Officer

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 1994

का. आ. 534.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार टेलीट्रोकाम फैक्ट्री बम्बई के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण नं. 1 बम्बई के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 24-1-94 को प्राप्त हुआ था ।

[एल-40011/11/88-डी. 2(बी) (पार्ट)]
के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 27th January, 1994

S.O. 534.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 1, Bombay as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Telecom Factory Bombay and their workmen, which was received by the Central Government on 24-1-94.

[No. L-40011/11/88-D.II(B)(Pt.)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. I AT BOMBAY

PRESENT :

Shri Justice R. G. Sindhakar,
Presiding Officer

Reference No. CGIT-49 of 1989

PARTIES :

Employers in relation to the management of Telecom Factory, Bombay.

AND

Their Workmen

APPEARANCES :

For the Management.—Mr. Masurkar, Advocate.
For the Workmen.—No appearance.

INDUSTRY : Telecommunication STATE : Maharashtra.

Bombay, dated the 14th day of December, 1993

AWARD

The following industrial dispute has been referred to this Tribunal for adjudication under section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947.

"Whether the action of the management of Telecom Factory Bombay in terminating the services of 39 casual mazdoors as per the list enclosed is justified ? If not, to what relief these casual mazdoors are entitled to ?"

2. This is a reference made by the Ministry of Labour, Government of India, in respect of the dispute between the Telecom Factory, Bombay and the Casual Mazdoors appointed by it. The point that arose for adjudication is, whether the termination of the 39 casual mazdoors is justified ? and if not, what relief they, or any one of them are entitled to ?

3. Statement of claim has been filed by the All India Post and Telegraph Industrial Workers' Union The contention raised therein is that except the 3 workers, namely Mr. Savarkar, Gungal, and Mr. Sawant, the remining 36 workers

have not completed 240 days of continuous service and therefore, these 36 workers will be dealt with under the provisions of the Model Standing Order (Central) framed under the Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946. The contention therefore, is that, the termination in either case was illegal, and in breach of Sections 25F and 25N of the Act, and those of the Model Standing Orders (C). inasmuch as the provisions have of those sections have not been followed.

4. Resisting this, the management filed its written statement. It is denied that all were engaged & those at Sr. Nos. 1 to 7, 12, 13, 16 to 18, 2], 28 to 31, 33 to 39 were never employed. It is contended therein by the management that they were engaged as casual labourers for a specific period for carrying out a specific job. They were engaged out of the candidates sent by the Regional Employment Exchange, on the management's request. The job was over, and therefore, they were no longer required by the management. The management further contended that none of them have completed 240 days.

5. On the date of hearing, there is no appearance on behalf of the Union. There is also no material adduced on record to show that they have put in 240 days of continuous service in 12 calander months immediately preceding the date of termination. If this is not done, then they cannot be deemed to be in continuous service for a period of one years, within the meaning of Section 25B of the Act. In that event, they cannot claim benefit of Section 25F of the Act and contend that termination is in breach of section 25 of the Act and contend that termination is in breach of section 25F of the Act. So far as the remaining 36 workers are concerned, admittedly they have not completed 240 days of continuous service and therefore, they are not entitled to be protection under this section.

6. With regard to the rest, it has been urged on behalf of the management, that under Section 27(2) of the Certified Standing Orders (Central) applicable in this case no notice is required for termination of services of the casual labourers, who have put in less than one years continuous service.

7. There is no material to show that they have put in continuous service for one year, and that they were entitled to one month's notice in writing. Besides clause (2) says that notice is not necessary for terminating the services of workmen with less than one year's approved service or a Casual Labourer. The case of the present workmen is not of termination prior to the implementation of the Certified Standing Orders. In view of this, none of them are entitled for any relief on the ground that the termination was illegal.

8. It is also not possible to accept the contention of the workmen that the management has indulged in unfair labour practice. It is clearly mentioned that they have been employed for a specific period for a specific job and that there is no evidence in rebuttal.

9. In the circumstances, Award is accordingly made and reference is disposed off.

R. G. SINDHAKAR, Presiding Officer

नई दिल्ली, 1 फरवरी, 1994

का. आ. 535.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एस. डी. ओ फोन्स-I जोधपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण कोटा के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुआ था।

[सं. एस.—40012/103/89-डी. 2(बी) (पार्ट)]
के. बी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 1st February, 1994

S.O. 535.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of S.D.O Phones-I Jodhpur and their workmen, which was received by the Central Government.

[No. L-40012/103/89-D.II(B)(Pt)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer.

अनुबन्ध

न्यायाधीश, औद्योगिक न्यायाधिकरण, कोटा/राज.

निर्देश प्रकरण क्रमांक : ओ.ग्या. (केन्द्रीय)-6/1990

दिनांक स्थापित : 3-2-90

प्रसंग: भारत सरकार श्रम मंत्रालय, के आदेश क्रमांक एम40012/103/89—डी-2 (बी) दिनांक 30-1-90

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री यादवराम शर्मा,
मकान नं. 104, बाम्बे लाज के सामने,
जसवन्त सराय के पास, जोधपुर।

—प्रार्थी श्रमिक

एवं

सब डिविजनल आफिसर फोन्स (जोधपुर)

—प्रतिपक्षी नियोजक

उपस्थित

श्री जगदीश नारायण शर्मा,

(आर.एच.जे.एस.)

प्रार्थी श्रमिक की ओर से : कोई उपस्थित नहीं
प्रतिपक्षी नियाजक की ओर से श्री हजारी लाल गुप्ता
प्रतिनिधि :
अधिनिर्णय दिनांक : 5 जुलाई, 1993

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय द्वारा निम्न निर्देश औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10(1)(घ) के अंतर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है :

"Whether the section of the S.D.O. Phone-I Jodhpur in terminating the services of Sh. Narendra Kumar Sharma S/o Sh. Yadav Ram Sharma daily rated labour w.e.f. 1.11.84. in just & legal ? If not to that relief is the worker concerned entitled" ?

2. निर्देश न्यायाधिकरण के प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया व पक्षकारों को सूचना भिजवाई गयी, तदुपरान्त दोनों पक्षों की ओर से अपनी-अपनी उपस्थित न्यायाधिकरण में दी गई ।

3. इस प्रकरण में आज प्रतिपक्षी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि स्वरुप श्री हजारीलाल गुप्ता उपस्थित हुए । यह निर्देश इस न्यायाधिकरण में दिनांक 3/2/90 से लम्बित है तथा 31/12/90 को श्रमिक की ओर से श्री शिवसहाय शर्मा ने उपस्थित होकर क्लेम हेतु समय दिये जाने का निवेदन किया था। इसके उपरान्त से आज तक श्रमिक की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ है जिससे स्पष्ट प्रकट होता है कि श्रमिक पक्ष को इस विवाद में कोई दिलचस्पी

नहीं रही है। अतः इन परिस्थितियों में इस प्रकरण में "विवाद रहित अधिनिर्णय" पारित किया जाता है।

इस अधिनिर्णय की भारत सरकार, श्रम मंत्रालय को नियमानुसार प्रकाशनार्थ भिजवाया जाये।

जगदीश नारायण शर्मा, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 1 फरवरी, 1994

का.आ. 536 समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 (1976 का 25) की धारा 6 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार 20 जून, 1992 को भारत के राजपत्र, भाग-II खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार, श्रम मंत्रालय के दिनांक 28 मई, 1992 के का०आ० सं० 1657 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात :—

उपरोक्त अधिसूचना के भाग–I में, "सलाहकार समिति" शीर्षक के नीचे, क्रम संख्या 20 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टि के बाद, निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टि जोड़ी जाएगी अर्थात् :—

"20. कु. एन्नी प्रसाद
सदस्य सचिव
राष्ट्रीय महिला आयोग
4, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग
नई दिल्ली-110002"

[सं. एस.-42025/49/84–सीएंडडब्ल्यूएल(ii)]
शशी जैन, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 1st February, 1994

S.O. 536.—In exercise of the powers conferred by Sub-Section (1) of Section 6 of the Equal Remuneration Act, 1976 (25 of 1976), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. 1657, dated 28th May, 1992 published in the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-Section (ii) on the 20th June, 1992, namely :—

In the said notification, in Part I, under the heading "Advisory Committee" after serial number 20 and the entry relating thereto, the following serial number and entry shall be added, namely :—

"21. Ms. Annie Prasad,
Member-Secretary,
National Commission for Women,
4, Deen Dayal Upadhyay Marg,
New Delhi.

[No. S-42025/49/84-C&WL-II]
SMT. SHASHI JAIN, Jt. Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Maya Puri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1994